

# मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत एवं एक गंभीर घायल

## गुस्साए मृतक के परिजनों ने सिविल अस्पताल के सामने चक्का जाम किया

**नलखेड़ा, 31 जनवरी. नगर से 5 किलोमीटर दूर आमला नलखेड़ा मार्ग पर ग्राम लसूल्डिया केलवा जोड़ के पास कार एवं मोटरसाइकिल की आमने सामने की भिड़ंत हो गई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं एक अन्य व्यक्ति गंभीर घायल हो गया. जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय आगर रैफर किया गया. दुर्घटना के बाद गुस्साए मृतक के परिजनों ने सिविल अस्पताल के सामने चक्का जाम कर दिया गया.**

शनिवार को सुबह 11 के लगभग ग्राम सेमलखेड़ी निवासी रामचंद्र पिता भागीरथ विश्वकर्मा उम्र 65 वर्ष एवं शिव पिता शंकरलाल कारपेंटर उम्र 35 वर्ष मोटरसाइकिल पर सवार होकर नलखेड़ा आ रहे थे तभी ग्राम लसूल्डिया केलवा पहुंच मार्ग के पास नलखेड़ा की ओर से आ रही कार क्रमांक एमपी 13 जेड एक्स 4010 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी.



आमने-सामने की हुई इस भिड़ंत में बाइक सवार रामचंद्र विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं शिव कारपेंटर गंभीर घायल हो गया. घटना में घायल दोनों को राहगीरों द्वारा सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने रामचंद्र विश्वकर्मा को तो मृत घोषित कर दिया. वहीं शिव कारपेंटर की गंभीर स्थिति होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया. वहीं मृतक रामचंद्र के शव पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सौंपा गया.

**मृतक के परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए किया चक्का जाम**

उक्त दुर्घटना में रामचंद्र विश्वकर्मा की मौत से गुस्साये परिजनों द्वारा सिविल अस्पताल के सामने चक्का जाम कर दिया. मृतक के परिजनों का आरोप था की शुक्रवार को परिवार की एक लड़की को उसके ही ससुराल वाले दो वाहनों में सवार होकर ग्राम सेमलखेड़ी आए थे जो लड़की के काका एवं परिवार जनों के साथ मारपीट कर फिल्मी स्टाइल में लड़की को जबरन अपने साथ ले गए थे, उक्त घटना की रिपोर्ट नलखेड़ा थाने में की गई थी. लेकिन पुलिस द्वारा अपहरण संबंधित कोई कार्यवाही नहीं की गई. उसी को लेकर मृतक एवं गांव के अन्य लोग शनिवार को लड़की के ससुराल वालों पर अपहरण की कार्यवाही को लेकर नलखेड़ा थाने में आ रहे थे तभी यहां हादसा घटित हुआ. परिजनों का आरोप था कि पुलिस अगर शुक्रवार को ही अपहरण की कार्यवाही कर देती तो हमें शनिवार को नहीं आना पड़ता और ना ही यह घटना घटित होती है.

### हादसे की खबर सुनकर मृतक के बड़े भाई ने भी त्यागे प्राण...

मृतक रामचंद्र के बड़े भाई शिवनारायण विश्वकर्मा उम्र 70 वर्ष कुछ दिनों से अस्वस्थ थे कार एक्सीडेंट में रामचंद्र की मृत्यु की खबर सुनकर बड़े भाई शिवनारायण का भी निधन हो गया . इधर मृतक के परिवारजन जिस लड़की के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करवाना चाहते थे पुलिस द्वारा उस लड़की को बयान के लिए नलखेड़ा थाना बुलाया गया जहां लड़की द्वारा अपने पति के साथ ससुराल में ही रहने की बात कही गई . लड़की के वक्त बयान से घटना में नया मोड़ आ गया . वहीं ग्राम सेमलखेड़ी में उस वक्त मातम छा गया जब दुर्घटना में मृतक रामचंद्र एवं उनके बड़े भाई शिवनारायण दोनों भाइयों की अर्थी एक साथ निकली . यह देखकर पूरे गांव के लोग एवं माहौल गमगीन हो गया .

### डेंजर स्पॉट बना नलखेड़ा आमला मार्ग

नगर को हाईवे से जोड़ने वाला अमला नलखेड़ा पहुंच मार्ग इन दोनों खतरनाक एक्सीडेंट स्पॉट बन चुका है . इस मार्ग पर तेज गति से वाहनों की भारी आवाजावी के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है यह मार्ग सीधे मां बगलामुखी मंदिर को जोड़ता है इस कारण इस मार्ग पर हजारों चार पहिया वाहनों की आवाजावी रहती है . इस मार्ग पर सिंगल सड़क होने के चलते आए दिन कुछ ना कोई दुर्घटनाएं होती रहती हैं जिसके चलते अनेक लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं शासन को चाहिए कि बिना विलंब के अति शीघ्र इस मार्ग का चोडीकरण किया जाए ताकि दुर्घटना पर अंकुश लग सके .

## एक नजर में

### भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में 20 फरवरी को निशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन

**सोयतकलां, 31 जनवरी .** भारतीय किसान संघ के तत्वाधान में आयोजित होने वाले नि :शुल्क सर्वजातीय गरीब कन्या विवाह सम्मेलन की तैयारियां ज़ोरों पर है . आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सरस्वती शिशु मंदिर, सोयतकलां में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय अधिकारी राजेन्द्र पालीवाल ने की . बैठक में विवाह सम्मेलन की व्यवस्थाओं, जोड़ों की संख्या एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई . बैठक में जानकारी दी गई कि इस सम्मेलन के अंतर्गत 11 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा . विवाह सम्मेलन का आयोजन 20 फरवरी को कृषि उपज मंडी सोयतकलां में किया जाएगा . यह सम्मेलन पूर्णत : नि :शुल्क रहेगा . भोजन, टेंट, दहेज सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं आयोजन समिति द्वारा की जाएग्गी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो . बैठक में जिला मंडी प्रमुख जगदीश सिंह चौहान, तहसील अध्यक्ष रामदयाल पाटिदार के साथ भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे . सभी ने सम्मेलन को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया . भारतीय किसान संघ द्वारा आयोजित यह सम्मेलन सामाजिक समरसता, सेवा भावना एवं संस्कारों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है . आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है . उक्त जानकारी ब्लॉक मीडिया प्रभारी हरीश पटेल ने दी .

### गांधी के विचारों को जीवन में आत्मसात करें



**शुजालपुर, 31 जनवरी .** विधानसभा शुजालपुर के ग्राम पटलावदा में शनिवार को ग्राम उदय से सर्वोदय विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन हुआ . उक्त कार्यक्रम पूर्व सरपंच मोहन सिंह पंवार के पिता स्व . कुंवरलाल पंवार की स्मृति में सर्वोदय विचार मंच पटलावदा ने आयोजित किया .मुख्य अतिथि कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव शुजालपुर कार्यक्रम में पहुंचे , जहां उनका कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष कैलाश उपलावदिया के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया . कार्यक्रम में गांधीवादी, चिंतक, विचारक, लेखक एवं समाजसेवी डॉ . आरके पालीवाल, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी, कांग्रेस प्रदेश महासचिव रामवीर सिंह सिकरवार, किसान नेता जसमत सिंह बिसेना, वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह राजपूत टिटवास, प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया, प्रदेश सह सचिव रचना जैन, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, डॉ . काजी एस रहमान सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति रही . कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनारायण परमार ने की . ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं आभार सरपंच राहुल परमार ने व्यक्त किया . मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवा दल के निर्देश पर ग्रामोदय से सर्वोदय विषय पर पटलावदा में व्याख्यान आयोजित किया गया . जिसमें पार्टी की विचारधारा और महात्मा गांधी के विचारों को इस विपरीत परिस्थिति में जीवित रखने का दृढ संकल्प लिया . कांग्रेस सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष भार्गव एवं डॉ . पालीवाल ने महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया एवं उनके विचारों को अपने जीवन मे लाने और उनको आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया . वहीं कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जोशी एवं प्रदेश महासचिव सिकरवार, प्रदेश सचिव सिसोदिया, प्रदेश सह .सचिव रचना जैन, डॉ . काजी एस रहमान सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और गांधी वादी विचार धारा को शक्ति देने व उसे अपने जीवन मे आत्मसात करने सहित आमजन में भी इसके महत्व को घर-घर पहुंचाने की बात कही . इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और ग्रामीण मौजूद रहे .

### कृषक कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में मोटर साइकिल रैली का हुआ आयोजन



**शाजापुर, 31 जनवरी .** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष 2026 के रूप में मनाया जा रहा है . इस उपलक्ष्य में 31 जनवरी को कृषकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने एवं जागरूकता के लिए मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया. जिला स्तरीय इस वाहन रैली में बड़ी सख्यां में युवा एवं प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. रैली का शुभारंभ विधायक अरुण भीमावद द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया. रैली स्टेडियम ग्राउंड दुपाड़ा रोड से प्रारंभ होकर टंकी चौराहा, धौबी चौराहा होते हुए नवीन कृषि उपज मंड़ी प्रांगण में संपन्न हुई. उपसंचालक कृषि आरएल जामरे ने बताया कि किसानों के बीच जागरूकता एवं सकारात्मक का वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से आयोजित इस रैली में किसानों के प्रति सम्मान प्रकट करने के साथ किसान कल्याण वर्ष एवं शासकीय विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया. साथ ही जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल विविधीकरण रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग का संदेश भी रैली के माध्यम से दिया गया.

## गांधीजी की पुण्यतिथि पर नशे से दूर रहने की ली शपथ

**शाजापुर, 31 जनवरी.** शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की पुण्यतिथि के अवसर पर महाविद्यालय में गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने पुष्पाजंली अर्पित कर दो मिनिट का मौन रखा एवं नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.वीपी मीणा ने छात्र-छात्राओं से सभी प्रकार के नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया तथा छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे सिर्फ स्वयं नशा न करें बल्कि अपने साथियों को भी नशे की आदत से दूर रखने की कोशिश करें. कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने किया. इस अवसर पर समस्त स्टॉफ सहित एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे.

## हिंदी भाषा के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डाला

### पावर ग्रिड शुजालपुर में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**शुजालपुर, 31 जनवरी. पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड शुजालपुर में हिंदी विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्देश्य हिंदी भाषा के विकास, शुद्ध प्रयोग तथा राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करना रहा.**

कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में शिक्षक सुनील पाटीदार ने हिंदी भाषा के उद्भव एवं विकास, राजभाषा अधिनियम 1963 तथा राजभाषा नियम 1976 पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने हिंदी की ऐतिहासिक परंपरा, उसकी समृद्ध विरासत एवं कार्यालयी कार्यों में हिंदी के महत्व को सरल एवं रोचक उदाहरणों के माध्यम से समझाया. साथ ही दैनिक एवं कार्यालयी प्रयोग में होने वाली सामान्य भाषिक त्रुटियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए शुद्ध एवं मानक



हिंदी के प्रयोग पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया. वहीं शब्द-शुद्धि एवं मानक हिंदी विषय पर सत्र शिक्षिका पीएमश्री कन्या विद्यालय शुजालपुर मंडी प्रीति चौहान द्वारा लिया गया, जिसमें प्रतिभागियों की सहभागिता के लिए रोचक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया. कार्यशाला के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विषयों में गहरी रुचि दिखाई तथा प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से अपने संशयों का समाधान किया. कार्यक्रम का समापन सारगर्भित चर्चा एवं प्रेरक संदेश के साथ हुआ. इस अवसर पर राजभाषा प्रभारी अभियंता दुर्गेश वर्मा ने कहा कि यह कार्यशाला हिंदी को केवल कार्य की भाषा ही नहीं, बल्कि संवेदना, संस्कृति और संपर्क की सशक्त भाषा के रूप में अपनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास रही.

## शुजालपुर में आज लगेगा निरामय निष्कर्ष नि :शुल्क चिकित्सा शिविर

### प्रसिद्ध विशेषज्ञ आमजन को परामर्श देंगे

**शुजालपुर, 31 जनवरी. नगर में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से साई कृपा हॉस्पिटल शुजालपुर द्वारा निरामय निष्कर्ष नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर रविवार 1 फरवरी को प्रात: 10 बजे से आयोजित होगा. शिविर में मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से आए प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सक आमजन को नि:शुल्क परामर्श देंगे.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गैस्ट्रो एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जनडॉ.अभिजित देशमुख जो पेट से संबंधित रोगों पर परामर्श देंगे. शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.चंदन श्रीवास्तव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.नरेंद्र सिंह परमार, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ.चारू रामनानी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.श्वेता परमार,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अनिल परमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.अश्विनी राठौर एवं मनोचिकित्सक डॉ.दिशांकी दास अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे. वहीं एमडी मेडिसिन डॉ. शुभेन्द्र सिंह परमार भी शिविर में अपनी सेवाएं देंगे. इस दौरान हड्डियों के रोग, बच्चों की बीमारियां, त्वचा व बालों की समस्याएं, दंत रोग,नेत्र रोग,स्त्री रोग,मानसिक रोग,नशा मुक्ति परामर्श सहित अनेक रोगों का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा. शिविर की विशेषता यह है कि यहां ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल एवं ईसीजी की जांच नि:शुल्क की जाएगी. शिविर के संयोजक डा.महेन्द्र परमार ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं.

## हर्षोल्लास के साथ मनाया भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव



**शाजापुर, 31 जनवरी. विश्वकर्मा समाज जन धर्म भगवान विश्वकर्मा जी का प्राकट्य जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मुरादपुरा हनुमान मंदिर शाजापुर में मनाया गया. शनिवार को समाजजनों ने विश्वकर्मा जन्मोत्सव पर भगवान का पूजन अभिषेक आरती कर अधिक से अधिक संख्या पधारकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया.**

इस अवसर पर विधायक अरुण भीमावाद का साफा पहनाकर कर समाजजनों ने स्वागत सम्मान किया. विश्वकर्मा चौराहे के बारे में उनको अवगत कराया गया. विधायक भीमावद ने इस अवसर पर उद्बोधन भी दिया. विश्वकर्मा समाजजनों ने भी अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम के दौरान समाजजन बाइक रैली के रूप में मुरादपुर मंदिर से महूपुरा चौराहा, गायत्री मंदिर, धोबी चौराहा, टंकी चौराहा होते हुए नगर पालिका अध्यक्ष के निवास तक पहुंचे, जहां पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन को विश्वकर्मा चौराहा को लेकर ज्ञापन सौंपा. अध्यक्ष जैन ने उचित स्थान पर भगवान विश्वकर्मा के नाम से चौराहा निर्मित करवाने की बात कही. इसके पश्चात समाजजन पुन: बाइक रैली से मुरादपुरा मंदिर पहुंचे.

## पुराने गिरवी मामलों को लेकर व्यापारियों पर बढ़ा दबाव

### विधिक संरक्षण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**शुजालपुर, 31 जनवरी. क्षेत्र में पुराने गिरवी मामलों को लेकर व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव बनाए जाने के प्रकरण लगातार सामने आ रहे हैं. व्यापारियों का कहना है कि समय सीमा समाप्त हो जाने के बावजूद कुछ ग्राहक अचानक दुकानों पर पहुंचकर अवैध दबाव, धमकी एवं झूठी शिकायतें कर रहे हैं, जिससे व्यापारिक वातावरण प्रभावित हो रहा हैं. इस संबंध में शनिवार को सर्राफा एसोसिएशन शुजालपुर ने एसडीएम, एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा.**

व्यापारियों के अनुसार संबंधित गिरवी लेन-देन मध्यप्रदेश साहूकारी अधिनियम 1934 के अंतर्गत विधि सम्मत रूप से किए गए थे. निर्धारित अवधि के पश्चात जब मूलधन एवं ब्याज की राशि बराबर हो जाती है तब अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार व्यापारी को गिरवी संपत्ति के निस्तारण का अधिकार प्राप्त होता है.



एसडीएम से चर्चा करते व्यापारी

एसोसिएशन अध्यक्ष का कहना है कि अनेक मामलों में ग्राहकों को समय रहते सूचना दी गई थी और कई ग्राहकों द्वारा गिरवी समाप्त करने पर सहमति भी दी गई थी. इसके बावजूद सोने-चांदी के मूल्यों में हालिया तेज वृद्धि के चलते कुछ लोग पुन: गिरवी संपत्ति की मांग कर रहे हैं तथा व्यापारियों को अपराधी के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है. व्यापारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि अभिलेख संधारण की समय-सीमा आयकर अधिनियम 1961 के नियम के अनुसार अधिकतम 6 वर्ष निर्धारित है. ऐसे में इससे अधिक पुराने दस्तावेज उपलब्ध न होने पर व्यापारियों को दोषी ठहराना विधि सम्मत नहीं है. बैंकिंग क्षेत्र में भी इसी प्रकार के प्रावधानों के अंतर्गत गिरवी संपत्तियों का निस्तारण किया जाता है.

व्यापारियों का कहना है कि मध्यप्रदेश साहूकारी अधिनियम 1934 की धारा 18 से 22 तथा सीमा वृद्धि अधिनियम 1963 के अनुसार अत्यधिक पुराने दावे कानून की समय सीमा से बाहर टाइम बार्ड हो जाते हैं, जिन पर किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं बनती. व्यापारिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में कानून के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए तथा उन्हें उचित विधिक संरक्षण प्रदान किया जाए. उनका कहना है कि यह विषय न केवल व्यापारिक स्थिरता बल्कि सामाजिक शांति और सद्भाव से भी जुड़ा हुआ है. ज्ञापन सौपने के दौरान सर्राफा एसोसिएशन के राजेश सर्राफ, प्रवीण जैन, सोरभ भंडारियावाला, अमूल अग्रवाल, गोलू चौपड़ा, सुमित जैन, गोपाल सोनी, पल्लव चौधरी, पार्थ सोनी, विनायक सहित अन्य सर्राफा व्यवसायी मौजूद थे.

## एक नजर में

### सिटी मंडी मार्ग स्थित गांधी स्मारक पर नगर पालिका द्वारा किया कार्यक्रम का आयोजन

## स्वच्छ भारत के संकल्प को आत्मसात करने का आह्वान किया

**शुजालपुर, 31 जनवरी. महात्मा गांधी की पुण्यतिथि अवसर पर शहीद दिवस मनाते हुए सिटी मंडी मार्ग स्थित गांधी स्मारक पर नगर पालिका शुजालपुर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान विभिन्न धर्मो के अनुयायियों की उपस्थिति में सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. साथ ही स्वच्छता का संदेश भी दिया गया.**

इस दौरान उपस्थित नागरिकों, जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने दो मिनिट का मौन रख कर महात्मा गांधी को नमन करते हुए गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस अवसर पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि बेनीप्रसाद परमार, सीएमओ ओपी शर्मा सहित पार्षदगण मौजूद थे.



सिविल अस्पताल में हुआ आयोजन

### सिविल अस्पताल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी में प्रात: 11 बजे देश के शहीदो के स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया . भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदो को नमन करते हुए समस्त चिकित्सा अधिकारी व नर्सिंग ऑफिसर एवं समस्त स्वास्थ कर्मचारियों ने 02 मिनिट का मौन रखा . इसके पश्चात राष्टीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में कुष्ठरोग निवारण के लिए शपथ ली . साथ ही कहा कि कुष्ठरोग के प्रति समाज में फैले भय एवं भ्रांति को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं . जिससे कुष्ठ रोग से पीडित रोगी समाज की मुख्य धारा में जुडकर अपने जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान कर सकें .

### महाविद्यालय में श्रद्धांजलि एवं नशामुक्ति शपथ

जेएनएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा, अनुशासन एवं राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत निर्धारित समय पर दो मिनट का मौन रखकर की गई, जिसमें उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. मौन के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया. प्रभारी प्राचार्य बीके त्यागी ने स्वच्छता की शपथ दिलाई. जिसमें स्वच्छ भारत के संकल्प को आत्मसात करने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया गया. उन्होंने अपने उधद्बोधन में महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता संबंधी विचारों को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की. संचालन लेफ्टिनेंट रवि राठौर ने किया. समापन अवसर पर उपस्थितजनों ने यह संकल्प लिया कि वे महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने आचरण में उतारते हुए समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे.



महाविद्यालय में शपथ लेते हुए

## आज होगा संत रविदास जयंती महोत्सव

**शुजालपुर, 31 जनवरी.** जगतगुरु संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती के अवसर पर 1 फरवरी को शुजालपुर में भव्य जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. यह आयोजन संत रविदास शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान समिति शुजालपुर द्वारा संत रविदास मांगलिक परिसर फ्रीगंज में किया जाएगा. समिति के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार शामिल होंगे. विशेष अतिथि के रूप में जिपं अध्यक्ष हेमराज सिसोदिया एवं नगरपालिका अध्यक्ष शुजालपुर बबीता बेनीप्रसाद परमार उपस्थित रहेंगी. कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि शुजालपुर रामचंद्र पटोंदिया करेंगे. जयंती समारोह के दौरान समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा. संत रविदास शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान समिति ने नगर के सभी गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संत रविदास महाराज की जयंती समारोह को सफल बनाने की अपील की है.